# 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक आंकड़ों के अपडेट की फ़ैक्ट शीट,
# ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिसीज़

2024, 2025 और 2026 आंकड़ों के अपडेट, सभी में 2021 का ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिसीज़ संबंधी अध्ययन डेटा शामिल है. नीचे दिए गए कुछ वैश्विक अनुमान (2025 और 2026 आंकड़ों के अपडेट से) जनसांख्यिकी और जनसंख्या अनुमान, आंकड़े और भू-स्थानिक मॉडलिंग के तरीकों में सुधार और 2024 American Heart Association आंकड़ों के अपडेट के बाद से लगभग 3000 नए डेटा स्रोतों को जोड़ने के कारण 2024 आंकड़ों के अपडेट से थोड़ा अलग अनुमान दर्शाते हैं.

इस फ़ैक्ट शीट में दिखाया गया सभी डेटा वैश्विक डेटा प्रदर्शित करता है.

## हृदय संबंधी रोग (CVD)

- 2021 में, वैश्विक स्तर पर लगभग 19.41 मिलियन मौतें CVD के कारण हुईं. CVD से संबंधित आयु-मानकीकृत वैश्विक मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 235.18 थी. CVD का वैश्विक प्रसार 612.06 मिलियन था. CVD से संबद्ध आयु-मानकीकृत प्रसार दर प्रति 1,00,000 पर 7178.73 थी.
- 2021 में CVD के कारण सबसे अधिक मृत्यु दरें मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप में थीं, साथ ही ओशनिया, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट, मध्य उप-सहारा अफ़्रीका में भी उच्च स्तर देखा गया. अधिक आय वाले एशिया प्रशांत और ऑस्ट्रेलेसिया के लिए दरें सबसे कम थीं.

## कोरोनरी हृदय रोग (CHD)

- वैश्विक स्तर पर, यह अनुमान लगाया गया था कि 2021 में, 254.28 मिलियन लोग इस्केमिक हृदय रोग (IHD) से पीड़ित थे और इसका महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक प्रसार था (क्रमशः 145.31 और 108.97 मिलियन लोग). आयु-मानकीकृत प्रसार दर प्रति 1,00,000 पर 2946.38 थी (पुरुषों में प्रति 1,00,000 पर 3610.24; महिलाओं में प्रति 1,00,000 पर 2357.61).
- वर्ष 2021 में, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट में IHD की सबसे अधिक प्रसार दर थी, जिसके बाद पूर्वी यूरोप, दक्षिण और मध्य एशिया थे.
- एक अनुमान के अनुसार, 2021 में वैश्विक स्तर पर IHD के कारण कुल 8.99 मिलियन मौतें हुईं, जिनमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक थी (क्रमशः 5.00 मिलियन और 3.99 मिलियन). 2021 में, वैश्विक IHD आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 108.73 थी (पुरुषों में प्रति 1,00,000 पर 136.84; महिलाओं में प्रति 1,00,000 पर 85.32).
- मध्य एशिया, पूर्वी यूरोप, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट में IHD मृत्यु दर सबसे अधिक थीं. अधिक आय वाले एशिया प्रशांत में मृत्यु दर सबसे कम थी.

## स्ट्रोक

- 2021 में स्ट्रोक का वैश्विक प्रसार 93.82 मिलियन लोगों में था जबकि इस्केमिक स्ट्रोक का प्रसार 69.94 मिलियन, इंट्रासेरेब्रल हेमरेज का प्रसार 16.60 मिलियन और सबरैक्नॉइड हेमरेज का प्रसार 7.85 मिलियन था. 2021 में वैश्विक आयु-मानकीकृत प्रसार दरें, स्ट्रोक के लिए प्रति 1,00,000 पर 1099.31, इस्केमिक स्ट्रोक के लिए प्रति 1,00,000 पर 819.47, इंट्रासेरेब्रल हेमरेज के लिए प्रति 1,00,000 पर 194.51 और सबरैक्नॉइड हेमरेज के लिए 92.17 थीं.

कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें. इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े इनसे प्राप्त किए गए हैं: इंस्टीट्यूट फ़ॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूशन. इनका उपयोग अनुमति के साथ किया जाता है. सर्वाधिकार सुरक्षित. www.healthdata.org/gbd/about.
(वेबसाइट अंग्रेज़ी में)
©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

- कुल मिलाकर, 2021 में, आयु-मानकीकृत स्ट्रोक संबंधी प्रसार दरें उप-सहारा अफ़्रीका और पूर्वी, दक्षिणपूर्वी और मध्य एशिया में सबसे अधिक थीं. यह दरें आस्ट्रेलेसिया में सबसे कम थीं.
  - इस्केमिक स्ट्रोक के लिए आयु-मानकीकृत प्रसार दक्षिणी उप-सहारा अफ़्रीका में सबसे अधिक था, उसके बाद पश्चिमी उप-सहारा अफ़्रीका के साथ ही साथ पूर्वी और मध्य एशिया आते हैं.
  - इंट्रासेरेब्रल हेमरेज के लिए आयु-मानकीकृत प्रसार पश्चिमी उप-सहारा अफ़्रीका, दक्षिणपूर्वी एशिया और अधिक आय वाले एशिया प्रशांत में सबसे अधिक था.
  - सबरैक्नॉइड हेमरेज का आयु-मानकीकृत प्रसार, अधिक आय वाले एशिया प्रशांत और एंडियन लैटिन अमेरिका में सबसे अधिक था.
- 2021 में, दुनिया भर में स्ट्रोक के कारण 7.25 मिलियन मौतें हुईं. वैश्विक स्तर पर, कुल 3.59 मिलियन लोगों की मौत इस्केमिक स्ट्रोक से हुई, 3.31 मिलियन लोगों की मौत इंट्रासेरेब्रल हेमरेज से हुई और 0.35 मिलियन लोगों की मौत सबरैक्नॉइड हेमरेज से हुई.
- 2021 में, कुल स्ट्रोक के लिए वैश्विक आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 87.45, इस्केमिक स्ट्रोक के लिए प्रति 1,00,000 पर 44.18, इंट्रासेरेब्रल हेमरेज के लिए प्रति 1,00,000 पर 39.09 और सबरैक्नॉइड हेमरेज के लिए प्रति 1,00,000 पर 4.18 थीं.
- 2021 में, स्ट्रोक के कारण आयु-मानकीकृत मृत्यु दर ओशनिया और दक्षिणपूर्वी एशिया के लिए सबसे अधिक थी. यह दरें ऑस्ट्रेलेसिया और पश्चिमी यूरोप के लिए सबसे कम थीं.
  - इस्केमिक स्ट्रोक के कारण होने वाली आयु-मानकीकृत मृत्यु दर पूर्वी यूरोप में सबसे अधिक थी, उसके बाद उत्तरी अफ़्रीका, मिडिल ईस्ट और मध्य एशिया आते हैं. ऑस्ट्रेलेसिया में मृत्यु दर सबसे कम थी.
  - आयु-मानकीकृत इंट्रासेरेब्रल हेमरेज संबंधी मृत्यु दर ओशनिया में सबसे अधिक थी, जिसके बाद दक्षिणपूर्वी, पूर्वी एशिया के साथ ही मध्य और उप-सहारा अफ़्रीका आते हैं.
  - सबरैक्नॉइड हेमरेज के लिए अनुमानित आयु-मानकीकृत मृत्यु दर ओशनिया में सबसे अधिक थी जिसके बाद दक्षिणपूर्वी एशिया और एंडियन लैटिन अमेरिका आते हैं.

## उच्च रक्त चाप

- वैश्विक स्तर पर, 2021 में अधिक सिस्टोलिक रक्तचाप के कारण 10.85 मिलियन मौतें हुईं. अधिक रक्तचाप से संबद्ध वैश्विक आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 131.10 थी.
- अधिक सिस्टोलिक रक्तचाप के कारण आयु-मानकीकृत मृत्यु दर मध्य एशिया में सबसे अधिक थी जिसके बाद पूर्वी यूरोप, मध्य उप-सहारा अफ़्रीका, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट आते हैं.
- 2019 में, ओशनिया, पूर्व, मध्य और पश्चिमी उप-सहारा अफ़्रीका को छोड़कर सभी वैश्विक क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप, बीमारी के बोझ (समय से पहले मृत्यु के कारण वर्षों के नुकसान और दिव्यांगता से समायोजित जीवन वर्ष) के लिए 5 प्रमुख जोखिम कारकों में से एक था.

## उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल और अन्य लिपिड

- 2021 में, उच्च निम्न घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल के कारण वैश्विक स्तर पर 3.65 मिलियन मौतें हुईं. उच्च निम्न घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल के कारण 2021 में आयु-मानकीकृत वैश्विक मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 43.67 थी.
- 2021 में, उच्च निम्न-घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल के कारण आयु-मानकीकृत मृत्यु दरें पूर्वी यूरोप के लिए सबसे अधिक थीं जिसके बाद मध्य एशिया, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट आते हैं.


©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिसीज़-2026 आंकड़ों के अपडेट की फ़ैक्ट शीट

## तंबाकू

- 2021 में वैश्विक स्तर पर तंबाकू के कारण अनुमानित 7.25 मिलियन मौतें हुईं (5.68 मिलियन पुरुष और 1.57 मिलियन महिलाएं). 2021 में तंबाकू के कारण होने वाली वैश्विक आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 85.66 थी.
- 2021 डेटा के आधार पर, पूर्वी एशिया और ओशनिया में तंबाकू के कारण मृत्यु दरें सबसे अधिक थीं. एंडियन लैटिन अमेरिका में मृत्यु दरें सबसे कम थीं.
    - ग्लोबल बर्डन ऑफ़ डिसीज़ स्टडी के एक अनुमान के अनुसार, 2021 में धूम्रपान समय से पहले मृत्यु के कारण जीवन के वर्षों के नुकसान का दूसरा सबसे बड़ा जोखिम कारक था (अधिक सिस्टोलिक रक्तचाप सबसे पहले था) और धूम्रपान, वैश्विक स्तर पर दिव्यांगता से समायोजित जीवन वर्षों के जोखिम कारकों में चौथे स्थान पर था.

## शारीरिक गतिविधि

- 2021 में, कम शारीरिक गतिविधि की वजह से वैश्विक स्तर पर 0.66 मिलियन मौतें हुईं. 2021 में, कम शारीरिक गतिविधि के कारण वैश्विक स्तर पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 7.99 थी.
- 2021 में, अलग-अलग क्षेत्रों में कम शारीरिक गतिविधि के कारण मृत्यु दरें दक्षिण उप-सहारा अफ़्रीका, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट, साथ ही ओशनिया में सबसे अधिक थीं. अधिक आय वाले एशिया प्रशांत और दक्षिण लैटिन अमेरिका में मृत्यु दरें सबसे कम थीं.

## अधिक वज़न और मोटापा

- 2021 में, वैश्विक स्तर पर 3.71 मौतें अधिक बॉडी मास इंडेक्स से संबद्ध थीं. 2021 में, अधिक बॉडी मास इंडेक्स के कारण वैश्विक स्तर पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 44.23 थी.
- 2021 डेटा के आधार पर, अलग-अलग क्षेत्रों में अधिक बॉडी मास इंडेक्स के कारण आयु-मानकीकृत मृत्यु दरें अधिक आय वाले एशिया प्रशांत में सबसे कम और दक्षिणी उप-सहारा अफ़्रीका, उत्तरी अफ़्रीका, मिडिल ईस्ट और ओशनिया में सबसे अधिक थीं.

## डायबिटीज़

- 2021 वैश्विक डेटा के आधार पर, 525.65 मिलियन लोगों (270.84 मिलियन पुरुषों और 254.81 मिलियन महिलाओं) को डायबिटीज़ था. वैश्विक स्तर पर डायबिटीज़ की आयु-मानकीकृत प्रसार दर प्रति 1,00,000 पर 6123.59 थी.
- 2021 में, अलग-अलग क्षेत्रों में डायबिटीज़ के प्रसार ओशनिया में सबसे अधिक था, जिसके बाद उत्तरी अफ़्रीका, मिडिल ईस्ट, कैरेबियाई और अधिक आय वाला उत्तरी अमेरिका आता है.
- 2021 में, वैश्विक स्तर पर डायबिटीज़ से 1.66 मिलियन मौतें हुईं. 2021 में, डायबिटीज़ के कारण वैश्विक स्तर पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 19.61 थी.
- डायबिटीज़ के कारण होने वाली आयु-मानकीकृत मृत्यु दरें ओशिनिया में सबसे अधिक थीं, जिसके बाद दक्षिणी उप-सहारा अफ़्रीका आता है. अधिक आय वाले एशिया प्रशांत क्षेत्र में दरें सबसे कम थीं.
- 2021 में, फ़ास्टिंग प्लाज़्मा ग्लूकोज़ के कारण वैश्विक स्तर पर 5.29 मिलियन मौतें हुईं. 2021 में, अधिक फ़ास्टिंग प्लाज़्मा ग्लूकोज़ के कारण वैश्विक स्तर पर आयु-मानकीकृत मृत्यु दर प्रति 1,00,000 पर 63.73 थी.
- 2021 में, अधिक फ़ास्टिंग प्लाज़्मा ग्लूकोज़ के कारण आयु-मानकीकृत मृत्यु दरें ओशनिया में सबसे अधिक थीं, उसके बाद दक्षिणा और मध्य उप-सहारा अफ़्रीका, उत्तरी अफ़्रीका और मिडिल ईस्ट आते हैं.

कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें. इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े इनसे प्राप्त किए गए हैं: इंस्टीट्यूट फ़ॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूशन. इनका उपयोग अनुमति के साथ किया जाता है. सर्वाधिकार सुरक्षित. www.healthdata.org/gbd/about (वेबसाइट अंग्रेज़ी में)

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

फ़ैक्ट शीट, इन्फोग्राफिक्स और वर्तमान/पूर्व आंकड़ों के अपडेट के प्रकाशन यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं: Heart and Stroke Association Statistics | American Heart Association (वेबसाइट अंग्रेज़ी में).

इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े, अप्रकाशित सारणी से संबंधित हैं जिन्हें आंकड़ों के अपडेट दस्तावेज़ के लिए संकलित किया गया है और नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ उद्धरण का इस्तेमाल करके उल्लेखित किया जा सकता है. सारणी बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए डेटा स्रोत पूरे दस्तावेज़ में सूचीबद्ध हैं. इसके अलावा, कुछ आंकड़े प्रकाशित अध्ययनों से मिले हैं. अगर आप इस फ़ैक्ट शीट में किसी आंकड़े का उल्लेख कर रहे हैं, तो कृपया डेटा स्रोतों और वास्तविक उद्धरणों को निर्धारित करने के लिए पूरे हृदय रोग और स्ट्रोक से जुड़े आंकड़ों का दस्तावेज़ देखें.

American Heart Association अनुरोध करता है कि संपूर्ण दस्तावेज़ का उल्लेख इस प्रकार किया जाए:

Palaniappan LP, Allen NB, Almarzooq ZI, Anderson CAM, Arora P, Avery CL, Baker-Smith CM, Bansal N, Currie ME, Earlie RS, Fan W, Fetterman JL, Barone Gibbs B, Heard DG, Hiremath S, Hong H, Hyacinth HI, Ibeh C, Jiang T, Johansen MC, Kazi DS, Ko D, Kwan TW, Leppert MH, Li Y, Magnani JW, Martin KA, Martin SS, Michos ED, Mussolino ME, Ogungbe O, Parikh NI, Perez MV, Perman SM, Sarraju A, Shah NS, Springer MV, St-Onge M-P, Thacker EL, Tierney S, Urbut SM, Van Spall HGC, Voeks JH, Whelton SP, Wong SS, Zhao J, Khan SS; American Heart Association काउंसिल की एपिडेमियोलॉजी और प्रिवेंशन आंकड़ों की कमेटी व स्ट्रोक्स आंकड़ों की कमेटी की ओर से. 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़े: American Heart Association की ओर से अमेरिकी और वैश्विक डेटा की एक रिपोर्ट. *सर्कुलेशन*. 21 जनवरी 2026 को ऑनलाइन प्रकाशित.

कृपया सभी मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए न्यूज़ मीडिया रिलेशंस से http://newsroom.heart.org/newsmedia/contacts (वेबसाइट अंग्रेज़ी में) पर संपर्क करें.


©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.